श्याम पिया मोरी,
रंग दे चुनरिया।।

ऐसी रंग दे के,
रंग नाहीं छुटे,
धोबिया धोये चाहे,
सारी उमरिया,
श्याम पीया मोरी,
रंग दे चुनरिया।।

लाल ना रंगाऊं मैं तो,
हरी ना रंगाऊ,
अपने ही रंग में,
रंग दे चुनरिया,
श्याम पीया मोरी,
रंग दे चुनरिया।।

बिना रंगाये मैं तो,
घर नही जाउंगी,
बीत ही जाए चाहे,
सारी उमरिया,
श्याम पीया मोरी,
रंग दे चुनरिया।।

मीरा के प्रभु,
गिरिधर नागर,
प्रभु चरणन में,
लागी नजरिया,
श्याम पीया मोरी,
रंग दे चुनरिया।।

श्याम पिया मोरी,
रंग दे चुनरिया।।

Source:
https://www.bharattemples.com/shyam-piya-mori-rang-de-chunariya-in-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw